राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक खबरें

जनता की समस्या,हर पल टाइम्स की खबर

HAR PAL TIMES

# हर पल टाइम्स

RNI NO:- MAHHIN/2011/24374

कार्यकारी संपादक : जमील जी. खान

● वर्ष : ०८ ● अंक : ३८ ● मुंबई, शुक्रवार, २४ मई से ३० मई २०१९ ● पृष्ठ : ४ ● मूल्य : २/- रुपये

मुंबई, दिल्ली, राजस्थान, मध्यप्रदेश, कर्नाटका, आंध्रप्रदेश, गुजरात, झारखंड, चेन्नई, कलकत्ता जानेवाला अखबार,(०७४९८५३५२८६आपकी समस्या के लिए इस नंबर पर संपर्क करे)

# सरकार किसी की भी आए, बादशाहत अल्लाह की ही रहेगा

संवाददाता

मुंबई, २०१९ में आने वाले प्रधानमंत्री को हर पल टाइम्स और हर पल टीवी, सी.एन.डब्ल्यू, सीआयएन इलेक्ट्रॉनिक ग्रुप के चेयरमैन जमील जी. खान और उनकी पूरे हिंदुस्तान में रिपोर्टर टीम की ओर से हार्दिक शुभकामनाऐं।

हम चाहते हैं कि आने वाले ५ सालों में गरीब, किसान, युवा और नौकरीपेशा, सीनियर व जूनियर पत्रकारों को इंसाफ मिलना चाहिए। कॉंग्रेस ने भी ६० सालों में




बहुत काम किए और २०१९में बड़ी मुश्किलों का सामना किया, वोटिंग में बहुत मेहनत की और अनेक पार्टियों ने भी २०१९ में काफी मेहनत की और २०० सीट तक पहुंचे। इन तमाम लोगों को हर पल टाइम्स व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की तरफ से हार्दिक शुभकामनाएं



## सभी जीते हुए सांसदों को रमजान और ईद की हर पल टीवी, सी.एन.डब्ल्यू, सीआयएन इलेक्ट्रॉनिक ग्रुप के चेयरमैन जमील जी. खान की तरफ से

# दिली मुबारकबाद!



जमील जी. खान
चीफ एडिटर

## एम/ईस्ट वार्ड ध्यान दे

**एम/ईस्ट वार्ड में बड़ी धूम-धाम से घरों का कंस्ट्रक्शन का काम अवैध रूप से किया जा रहा है कल इसमें से कई इमारतें खुद ब खुद धंस सकती हैं, कुछ अभी से टेढी हुई नजर आ रही हैं। ये सारी जिम्मेदारी एम वार्ड के कर्मचारियों की है और एम वार्ड के कर्मचारी पूरी मालुमात होने के बावजू अनदेखी कर रहे हैं। अगर ये गिरकर कई मौतें होती है तो इसके जिम्मेदार एम वार्ड ही होगा। कृपया ध्यान दे।**

**शिवाजी नगर इलाके में नालियों में गटर का काम इस इलाके के नगरसेवक कर रहे हैं लेकिन यहां की जनता का कहना है किनालियों का काम ठीक ढंग से न होने से घरों में पानी घुस रहा है, इसका जिम्मेदार कौन है?**

## सूरत के तक्षशिला कॉम्प्लेक्स में भीषण आग, १९ छात्रों की मौत, कइयों ने जान बचाने के लिए लगाई छलांग

**सूरत :** गुजरात के सूरत के सरथाना इलाके में स्थित तक्षशिला कॉम्प्लेक्स की दूसरी मंजिल पर लगी भीषण आग में १९ छात्रों की मौत हो गई. जिस फ्लोर पर आग लगी वहां कोचिंग सेंटर चल रहा था. आग से बचने के लिए कोचिंग सेंटर में पढ़ने वाले कुछ छात्रों ने



ऊपर से छलांग लगा दी, जिन्हें गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया. फायर ब्रिगेड की १८ गाड़ियां मौके पर पहुंच गई हैं और आग पर काबू पाने का प्रयास किया जा रहा है. सूरत के पुलिस कमिश्नर के हवाले से बताया कि हादसे में कम से कम १९ लोगों की मौत हुई है और इसकी संख्या बढ़ भी सकती है. सोशल मीडिया पर बिल्डिंग से छलांग लगाते हुए लोगों का वीडियो भी वायरल हो गया है. पीएम मोदी ने भी घटना पर दुख जताया है. प्रधनमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी घटना पर दुख जताते हुए ट्वीट किया, 'सूरत में हुई इस त्रासदी से बेहद आहत हूं. मेरी संवेदनाएं पीड़ित परिवारों के साथ हैं. प्रार्थना करता हूं कि हादसे में घायल लोग जल्द स्वस्थ हों. वहीं, गुजरात सरकार और स्थानीय प्रशासन से प्रभावितों को हर संभव मदद पहुंचाने को कहा है.'

## मुंबई गोवंडी के शिवाजी नगर इलाके में बड़ी लापरवाही

**२०१२ से नए कनेक्शन लगाए गए तब से आज तक पानी नहीं आया ना ही एम वार्ड के कर्मचारियों ने कोई कार्रवाई की न ध्यान दिया सिर्फ पानी के बिल भेजे गए पानी नही मिलने पर बिल कैसे दिया जाएगा, लाईन को दुरुस्त करने का वादा किया गया था, पानी मिलने पर बिल मिलेगा, कई बर रिमांईडर देने के बाद अभी तक कोई चेकिंग करने नहीं आया और न ही कोई कार्रवाई हुई, लेकिन बिल लगातार भेजे जा रहे हैं. एम वार्ड को सख्त इत्तला दी जाती है कि जल्द से जल्द इस इलाके में पानी देने का काम काम करें, बाद में बिल भेजें।**

**संवाददाता**

**मुंबई,** शिवाजी नगर, ब्लॉट नं. २५ इस इलाके में २०१३से नए नल कनेक्शन दिए गए थे, लेकिन अफसोस की आज तक इन नलों में पानी नहीं आया, इसकी कई बार शिकायतें एम/ईस्ट वार्ड में की गई। लेकिन कोई पानी पर कार्रवाई नही हुई, न ही ऑफिसर देखने आए और पानी के बिल बार-बार भेजे जा रहे हैं, इस पूरे प्लॉट में सब लोग परेशान हैं, आखिर म्युनिसपल कॉर्पोरेशन क्या कर रही है?



इस मसले को जल्द से जल्द हल किया जाए और पानी न मिलने पर बिल न भेजा जाए और पैसा न मांगा जाए। पहले नलो में पानी भेजा जाए और बाद में बिल भेजें। हालांकि शिवाजी नगर के कई इलाकों में पानी बेफाम बर्बाद हो रहा है। म्युनिसपल कार्पोरेशन के कर्मचारियों की बिलकुल तवज्जो नहीं है। इस सारे मुश्किलों का जवाबदार कौन है? दूसरे बारिश सामने खड़ी है और घरों के पीछे गटरों में कचरा जमा हो जाता है और जो नीचे के मकानात हैं, उसमे पानी आ जाता है। जबकि बड़े पैमाने पर कार्पोरेशन में गटर के कॉंट्रेक्ट देकर सफाई का काम बताया जा रहा है, लेकिन सफाई नहीं हो रही है। २०१२ शे नए कनेक्शन लगाए गए तब से आज तक पानी नहीं आया ना ही एम वार्ड के कर्मचारियों ने कोई कार्रवाई की न ध्यान दिया सिर्फ पानी के बिल भेजे गए पानी नही मिलने पर बिल कैसे दिया जाएगा, लाईन को दुरुस्त करने का वादा किया गया था, पानी मिलने पर बिल मिलेगा।

## संपादकीय...

# बढ़ती नारी भागीदारी

चुनाव जैसी महत्वपूर्ण लोकतांत्रिक प्रक्रिया के आकलन में हार-जीत और समीकरणों के अलावा कई अन्य आयाम होते हैं, जिनके आधार पर भारत की बदलती तस्वीर को देखा जा सकता है. ऐसा ही एक आयाम हैं महिला मतदाताओं की बढ़ती भागीदारी. मौजूदा आम चुनाव में १३ राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में पुरुषों से अधिक संख्या में महिलाओं ने मतदान किया है. ये प्रदेश हैं- केरल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, बिहार, मणिपुर, मेघालय, पुदुचेरी, गोवा, अरुणाचल प्रदेश, उत्तराखंड, मिजोरम, दमन और दीव तथा लक्षद्वीप. पूरे देश का हिसाब लें, तो पुरुष और महिला मतदाताओं की भागीदारी का अंतर भी अब मामूली रह गया है.

साल २००९ में यह आंकड़ा नौ फीसदी था, जबकि २०१४ के चुनाव में यह अंतर १.४ फीसदी रह गया था. २०१९ में यह अंतर महज ०.४ फीसदी है. गुजरात, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और कर्नाटक ऐसे राज्य रहे हैं, जहां पुरुषों ने महिलाओं से बहुत अधिक मतदान किया है, लेकिन यह संतोषजनक है कि इन राज्यों में भी पिछले चुनाव की तुलना में महिलाओं की भागीदारी में बढ़त रही.

इन आंकड़ों में उन राज्यों की संख्या बढ़ सकती है, जहां महिलाओं की अपेक्षाकृत अधिक भागीदारी रही है. साल २०१४ में ऐसे राज्यों की कुल संख्या १६ रही थी. ऐसे समय में, जब देश के अनेक हिस्सों में लिंगानुपात का स्तर चिंताजनक है तथा कार्य बल में भी महिलाओं की संख्या बहुत कम है, मतदान में उनकी बढ़त एक स्वागतयोग्य संकेत है. यह हमारे लोकतंत्र के मजबूत होने का सबूत है.

साल १९६२ के तीसरे आम चुनाव में ४६.६ फीसदी महिलाओं ने मतदान किया था, जबकि पुरुषों का आंकड़ा ६३.३ फीसदी रहा था. भले ही लगभग १७ फीसदी के अंतर को ०.४ फीसदी लाने में छह दशक का समय लगा है, पर यह हमारी लोकतांत्रिक यात्रा की विशिष्ट उपलब्धि के रूप में रेखांकित होना चाहिए. राजनीतिक बराबरी का यह मोड़ सामाजिक और आर्थिक बराबरी के लिए ठोस आधार बन सकता है.

महिला, ट्रांसजेंडर और दिव्यांग मतदाताओं को प्रोत्साहित करने के लिए चुनाव आयोग ने बड़ा अभियान चलाया, जिसका शानदार परिणाम हमारे सामने है, परंतु हमारी राजनीति में अब भी पुरुषों का बड़ा वर्चस्व है. इस बार कुल आठ हजार उम्मीदवारों में महिलाओं की संख्या आठ सौ भी नहीं है. संसद में महिलाओं के प्रतिनिधित्व के हिसाब से भारत १९३ देशों की सूची में १४९वें पायदान पर है. इस मामले में हम बांग्लादेश, पाकिस्तान और सऊदी अरब से भी पीछे हैं.

मौजूदा लोकसभा में सिर्फ ६६ महिला सदस्य हैं. निश्चित रूप से दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के लिए यह बेहद चिंताजनक स्थिति है. एक ओर आज हर क्षेत्र में स्त्रियां आगे बढ़ रही हैं, वहीं उनके विरुद्ध अपराध भी बढ़ रहे हैं. पढ़ाई से लेकर पेशेवर जीवन तक तथा पारिवारिक और सामाजिक स्तर पर उन्हें बाधाओं और चुनौतियों से जूझना पड़ता है. लोकतंत्र और विकास की गति को बेहतर करने के लिए महिलाओं की सहभागिता अनिवार्य है.

# बीजेपी के वंशवाद को मतदाताओं का आशीर्वाद, कांग्रेस के परिवारवाद को नकारा

**मुंबई :** वंशवाद की राजनीति पर मतदाताओं ने इस बार चुन-चुनकर मुहर लगाई है। बीजेपी के वंशवाद को जहां सराहा गया है, वहीं कांग्रेस व एनसीपी को पूरी तरह से नकार दिया गया है। बीजेपी ने अपनी पार्टी के दिग्गज नेताओं की बेटी, बेटा, बहू और पत्नियों को ८ सीटें दी थीं, जिनमें ७ उम्मीदवार जीतकर आए। शिवसेना ने चार नेताओं के परिवार के सदस्यों को टिकट दिए थे। इनमें तीन की जीत हुई। एनसीपी में शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले ही जीत सकीं, जबकि उनके परिवार के दूसरे सदस्य पार्थ हार गए। कांग्रेस के परिवार को मतदाताओं ने पूरी तरह से खारिज कर दिया। नारायण राणे के बेटे को भी मतदाताओं ने नकार दिया। बीजेपी ने ८ सीटों पर अपनी पार्टी के नेताओं के रिश्तेदारों को टिकट दिया। दिग्गज नेता एकनाथ खडसे की बहू रक्षा खडसे को रावेर, पूर्व केंद्रीय मंत्री गोपीनाथ मुंडे की बेटी प्रीतम को बीड, प्रमोद महाजन की बेटी पूनम को उत्तर मध्य मुंबई और नंदूरबार से डॉ. हिना गावित को टिकट दिया था। कांग्रेस से बीजेपी में प्रवेश करने वाले डॉ. सुजय विखे पाटील को अहमदनगर से टिकट दिया, जो कांग्रेस नेता राधाकृष्ण विखे पाटील के बेटे हैं।

कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में आए रणजीत सिंह नाईक-निंबालकर को पार्टी ने माढा सीट पर उम्मीदवारी दी। रणजीत पूर्व सांसद हिंदुराव नाईक-निंबालकर के बेटे हैं। एनसीपी छोड़कर बीजेपी में शामिल हुईं डॉ. भारती पवार दिंडोरी सीट से चुनाव जीत गई हैं। भारती के



ससुर एटी पवार युति सरकार में मंत्री थे। बीजेपी समर्थित राष्ट्रीय समाज पक्ष के विधायक राहुल कुल की पत्नी कांचन बारामती से चुनाव हार गई हैं।

**शिवसेना का परिवारवाद**

शिवसेना ने अपने चार नेताओं के परिवार के सदस्यों को टिकट दिया था, जिनमें से तीन जीत गए। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री एकनाथ शिंदे के बेटे डॉ. श्रीकांत शिंदे को कल्याण, पूर्व सांसद निवेदिता माने के बेटे धैर्यशिल माने को हातकणंगले सीट से और कांग्रेस के नेता रहे पवनराजे निंबालकर के बेटे ओमराजे निंबालकर ने उस्मानाबाद सीट से टिकट दिया। सभी जीत गए, जबकि दिग्गज माथाडी नेता अण्णासाहब पाटील के बेटे नरेंद्र पाटील को सातारा से टिकट दिया, लेकिन वह हार गए।

**एनसीपी से सुप्रिया की जीत**

एनसीपी में परिवार का डंका बजता है, लेकिन इस बार मतदाताओं ने शरद पवार की बेटी सुप्रिया को ही पसंद किया। सुप्रिया को बारामती से जीत मिली। मावल से अजित पवार के बेटे पार्थ को जनता ने हरा दिया, जबकि पूर्व मंत्री छगन भुजबल के भतीजे समीर भुजबल नासिक, पूर्व सांसद दिवंगत प्रकाश परांजपे के बेटे आनंद परांजपे ठाणे सीट से और पूर्व सांसद पद्मसिंह पाटील के बेटे उस्मानाबाद से राणा जगजीत सिंह पाटील हार गए हैं। महाराष्ट्र विधान परिषद के सदस्य अरुण काका जगताप के बेटे संग्राम जगताप के बेटे अहमदनगर सीट से चुनाव हार गए हैं। विधायक रवि राणा की पत्नी व अमरावती सीट से निर्दलीय उम्मीदवार नवनीत राणा को समर्थन देने का राष्ट्रवादी कांग्रेस का फैसला सही साबित हुआ।

**कांग्रेस में नहीं चला परिवारवाद**

पूर्व केंद्रीय मंत्री मुरली देवड़ा के बेटे मिलिंद देवडा दक्षिण मुंबई, सुनील दत्त की बेटी प्रिया दत्त उत्तर-मध्य मुंबई, कांग्रेस नेता व पूर्व मंत्री रोहिदास पाटील व धुलिया सीट से उम्मीदवार कुणाल पाटील, प्रभाराव की बेटी चारूलता टोकस वर्धा से और वरिष्ठ नेता केशराव औताडे के बेटे विलास औताडे जालना सीट से हार गई हैं।

**पाटील और नीलेश भी हारे**

कांग्रेस नेता व प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री वसंतदादा पाटील के नाती विशाल पाटील को स्वाभिमानी शेतकरी संगठन ने मैदान में उतारा था, लेकिन विशाल को हार का सामना करना पड़ा है।


# भिंडी बाजार में लगी आग

**मुंबई,** दक्षिणी मुंबई के भिंडी बाजार स्थित एक भवन में बृहस्पतिवार को आग लग गयी। अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि बोरी मोहल्ला के पंजाब महल भवन में रात करीब साढ़े दस बजे आग लग गयी। रमजान के कारण इस क्षेत्र में काफी चहल पहल रहती है। अधिकारी ने बताया कि शुरूआत में इस भवन में शार्ट सर्किट होने की सूचना मिली थी जिसके बाद भवन में आग पकड़ गयी। उन्होंने बताया कि इस भवन में लगी आग पर काबू पाने के लिए १२ दमकल वाहनों को लगाया गया है। आग के कारण किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।


सहारा ट्रावेल्स व बॉम्बे गुजरात रोडवेज के मालिक
मुश्ताक साहब और कुदरत साहब की ओर से...
सभी देशवासियों को दिली मुबारकबाद




सहारा के साथ सुहाना सफ़र SAHARA TRAVELS
Head Office: 6-1-1082/B/I, Hotel Krishna Complex, Lakdi Ka Pul, Hyderabad-04.
Contact No's: 040-23298483, 66745786 65138483
Call on: 9396669999 Email: saharatravels@gmail.com
Online Booking www.saharabus.com
Branches: Afzal Gunj Hyd: 65979786, 9391830030 Aghapura Hyd:040- 32906111, (FAX):040-24801333 Prashanti Nagar: 9393346631 Balanagar: 9391830014 - 14 Mumbai Market V T: 9323034780 Sion: 24044222, 93228 Vashi: 9323034783, 27832803-04 Pune: 40026506, 32334555 Bangalore: 080-40927105-6 Indore:9926426935,09303355337
आपका सामान जिम्मेदारी और हिफाजत के साथ पहुंचाया जायेगा
BOMBAY GUJRAT ROADWAYS
A DIVISION OF MUSHTAQ TRANSPORT PVT. LTD.
Express parcel courier service by VOLVO Buses 24x7 hours
Head Office : 11-1-294/B &C, Aghapura, Hyderabad 500001
Contact No's: 040-24800273,24800785 (FAX):040-24801333
Email : bgr_hyd@yahoo.co.in
BRANCHES: Secunderabad : 9346243111, 9393346631
Prashanti Nagar : 9391830014 Balanagar 040-65993831
Bombay Sion: 9322871960 Vashi: 02232466708, 0932303483
Vapi: 9377890785 Bhiwandi: 9323034783.



# आरपीएफ मलाड ने लूट के आरोपी को रंगे हाथ पकड़ा



**मुंबई :** निरीक्षक रेलवे सुरक्षा बल मलाड स्टेशन द्वारा यात्री संबंधी अपराध की रोकथाम हेतु गठित टीम के स्टाफ कॉन्स्टेबल कृष्ण सिंह एवं कॉन्स्टेबल अमित कुमार रात्री ड्यूटी में तैनात थे। आज दिनांक २२-५-१९ समय लगभग ००.३० बजे गोरेगांव स्टेशन पर प्लेटफार्म नंबर ६ विरार साइड बेंच एक पैसेंजर गाड़ी के इंतजार में बैठा था। अचानक यात्री को झपकी लगी । उसके पास ड्यूटी स्टाफ ने एक संदिग्ध व्यक्ति को देखा और लगातार निगरानी रखने पर, उक्त बाहरी व्यक्ति को यात्री की जेब से जबरन पर्स निकालते हुए देखा। यात्री तुरंत जगकर चिल्लाने लगा। उपरोक्त ड्यूटी स्टाफ तुरत दौड़कर उसे पकड़ लिया। जिसने अपना नाम नरेश कुमार कपिल देव शाह, उम्र २३ वर्ष, बताया जिसको आवश्यक दस्तावेज तैयार कर अग्रिम कार्यवाही जीआरपी/ बोरीवली को सुपुर्द किया। जीआरपी द्वारा कार्यवाही करते हुए एक प्रकरण CR- 1427/19 u/s 392 व १४७ Railway Act के तहत मामला दर्ज किया।

# मुंबई की सभी छह लोकसभा सीटों पर शिवसेना-भाजपा प्रत्याशियों का कब्जा

## हार के बाद कांग्रेस कार्यालय में सन्नाटा



**मुंबई :** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई की सभी छह लोकसभा सीटों पर शिवसेना-भाजपा महायुति के प्रत्याशियों ने रिकॉर्ड ब्रेक जीत हासिल की है। इस जीत से कांग्रेसी प्रत्याशियों के चुनावी कार्यालयों तक कहीं भी कांग्रेसी कार्यकर्ताओं का अता-पता नहीं था। चुनाव हार रहे सभी ६ उम्मीदवारों के कार्यालयों के बाहर कल सन्नाटा पसरा रहा।

बता दें कि विभिन्न केंद्रों पर मतगणना शुरू होते ही सभी ६ सीटों पर शिवसेना-भाजपा महायुति के उम्मीदवार से कांग्रेसी उम्मीदवारों पर बढ़त बनाए दिखे। दोपहर १२ बजे तक स्थिति साफ हो चुकी थी कि मुंबई से एक भी कांग्रेसी उम्मीदवार का जीतना मुश्किल है। ऐसे में कांग्रेसी कार्यकर्ता टेंशन मे दिखे और अपने उम्मीदवारों के कार्यालयों के पास फटके तक नहीं।

दक्षिण मुंबई से चुनाव लड़ रहे मुंबई कांग्रेस के अध्यक्ष मिलिंद देवड़ा का चर्चगेट स्थित चुनाव कार्यालय के साथ ही प्रदेश कार्यालय कल सूना-सूना पड़ा रहा। दक्षिण-मध्य मुंबई क्षेत्र में धारावी कांग्रेस का गढ़ माना जाता है। यहीं कांग्रेस के उम्मीदवार एकनाथ गायकवाड ने अपना चुनावी कार्यालय बनाया था। कल शिवसेना के उम्मीदवार राहुल शेवाले से करारी मात खाए गायकवाड का कार्यालय भी कांग्रेसी कार्यकर्ताओं की प्रतीक्षा करता दिखा। इसी प्रकार उत्तर-मध्य से कांग्रेसी उम्मीदवार प्रिया दत्त का बांद्रा स्थित चुनाव कार्यालय, उत्तर-पश्चिम से मुंबई के पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष व उम्मीदवार संजय निरुपम का अंधेरी, लोखंडवाला के शास्त्री नगर स्थित चुनाव कार्यालय हो या उत्तर-पूर्व मुंबई से राकांपा के घड़ी चुनाव चिह्न से लोकसभा चुनाव लड़ रहे संजय दीना पाटिल का भांडुप स्थित चुनाव कार्यालय भी कार्यकर्ताओं की राह ताकते नजर आए। इसी प्रकार बोरीवली (प) के चंदावरकर रोड के 'द जोन मॉल' के ग्राउंड फ्लोर में उत्तर मुंबई की कांग्रेसी उम्मीदवार उर्मिला मातोंडकर ने अपना मुख्य चुनाव कार्यालय बनाया था, वहां के वॉचमैन आदर्श सिंह ने बताया कि ३० को कार्यालय बंद कर दिया गया।

# शरद पवार १९९१ से ही देख रहे PM बनने का सपना, पार्टी के खराब प्रदर्शन के बाद उम्मीदें धराशायी

**मुंबई :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में प्रचंड बहुमत के साथ दोबारा सत्ता में आई भारतीय जनता पार्टी नीत एनडीए की सरकार ने इस बार ऐसे कई लोगों की उम्मीदों को समाप्त कर दिया, जो प्रधानमंत्री बनने का ख्वाब पाले हुए थे। इसी सूची में प्रमुख नाम शरद पवार का भी है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के प्रमुख शरद की 'राष्ट्रीय उम्मीद' भी पार्टी के बुरे प्रदर्शन के बाद समाप्त हो गई है।

काफी लंबे समय से पीएम का सपना देख रहे एनसीपी चीफ शरद पवार कभी किंगमेकर की भूमिका में रहे तो कभी गठबंधन के मुख्य सूत्रधार। उनकी पार्टी को महाराष्ट्र की ४८ लोकसभा सीटों में से केवल ४ सीटों पर ही जीत मिली। तीन बार के सीएम रहे पवार केंद्र में रक्षा मंत्री और कृषि मंत्री भी रह चुके हैं। शरद पवार ने सबसे पहले १९९१ में राष्ट्रीय भूमिका में आने की कोशिश की, जब उन्होंने



प्रधानमंत्री पद का प्रयास किया। हालांकि उनकी यह कोशिश पी. वी. नरसिम्हा राव के सामने ध्वस्त हो गई।

शरद पवार ने कांग्रेस में रहते हुए पार्टी प्रमुख के पद के लिए भी प्रयास किया, लेकिन उस वक्त सीताराम केसरी इस पद पर जीत गए। १९९९ में शरद पवार ने कांग्रेस छोड़कर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का गठन किया। उन्होंने सोनिया गांधी के विदेशी मूल के मुद्दे पर अलग पार्टी का गठन कर लिया। उस वक्त कांग्रेस और एनसीपी के रिश्ते में कड़वाहट आ गई थी, लेकिन चुनाव के बाद राज्य और केंद्र दोनों ही जगहों पर दोनों पार्टियां एक बार फिर से साथ आ गईं।

इसके बाद २००९ में हुए आम चुनावों के दौरान भी शरद पवार ने यूपीए-२ की सरकार के लिए किंगमेकर की भूमिका में आना चाहा। हालांकि यूपीए खुद ही इतनी बहुमत के साथ सरकार में आई कि पवार को यह भूमिका निभा पाने का मौका ही नहीं मिला।

नरेंद्र मोदी सहित बीजेपी के अन्य नेताओं के साथ शरद पवार के पर्सनल रिश्तों की वजह से भी उनकी राजनीतिक प्रतिबद्धता पर सवाल उठा। २०१४ में जब बीजेपी ने महाराष्ट्र में सबसे अधिक सीटें जीती, तब शरद पवार ने स्थिर सरकार के लिए बिना किसी शर्त बीजेपी को सपोर्ट की पेशकश कर विवादों के घेरे में आ गए।

लोकसभा चुनाव में जनता का समर्थन ना मिलने से एक बार फिर शरद पवार की राष्ट्रीय स्तर की उम्मीद को झटका लगा। एनसीपी सरकार के भ्रष्टाचार की वजह से शरद पवार की छवि को काफी नुकसान हुआ। शरद के भतीजे अजित पवार का सिंचाई घोटाला हो या फिर पीडबल्यूडी के ठेके से जुड़ा घोटाला, जिसकी वजह से छगन भुजबल को जेल जाना पड़ा। फिलहाल ७८ वर्षीय शरद पवार की राष्ट्रीय राजनीति की उम्मीदों पर तो विराम लग गया है और बढ़ती उम्र को देख भविष्य में इसकी संभावना भी कम ही नजर आ रही है। अब उनका पूरा फोकस इस साल होने वाले विधानसभा चुनावों पर है, जिसमें उन्हें राज्य में अपनी पार्टी को विलुप्त होने से बचाए रखने के लिए संघर्ष करना होगा।

# बदला लेने के लिए सौतेली मां ने किया था मासूम बच्चे का अपहरण

**नई दिल्ली :** यूपी गेट के पास १५ मई को नर्सरी में मिले बच्चे आहद की पहचान हो गई है। बच्चा दिल्ली के पुराना मुस्ताफाबाद क्षेत्र का रहने वाला है।

मासूम का अपहरण उसकी सौतेली मां ने किया था। बच्चे के अपहरण की रिपोर्ट दिल्ली के दयालपुर थाने में दर्ज है। गाजियाबाद पुलिस ने जब दिल्ली पुलिस से बच्चे की जानकारी साझा की तो दिल्ली पुलिस ने बच्चे की सौतेली मां को हिरासत में लेकर बच्चे से शिनाख्त कराई। इसके बाद पूरे मामले का खुलासा हो गया। बच्चा अभी कौशांबी स्थित यशोदा अस्पताल में भर्ती है।

पुराना मुस्तफाबाद दिल्ली में दिलशाना परिवार के साथ रहती हैं। उनकी १० वर्ष पहले दिलशाद से शादी हुई थी। उनका चार साल का बेटा आहद और छह साल की एक बेटी है। दिलशाना का कहना है कि उनका पति पिछले चार साल से शहाना नाम की एक महिला के साथ दूसरी जगह रहने लगा। घरवालों से दिलशाद का कोई संपर्क नहीं था। १५ मई की दोपहर १२:३० बजे आहद घर के बाहर से खेलते हुए लापता हो गया था। दोपहर बाद बच्चा घायल अवस्था में यूपी गेट के पास नर्सरी में मिला। सीसीटीवी फुटेज में एक महिला बच्चे को छोड़कर जाती हुई दिखी थी। मासूम के चेहरे पर धारदार हथियार से कई प्रहार किए गए थे, जिससे गहरे घाव बन गए थे। दिलशाना का कहना है कि उसका पति दिलशाद फर्नीचर का काम करता है।

वह चार साल से शहाना नाम की महिला के साथ रह रहा है। शहाना से उसके दो बच्चे हैं। १२ मई को शहाना उनके पास दिलशाद को तलाश करने आई थी। जब दिलशाद वहीं नहीं मिला तो वो धमकी देते हुए चली गई थी। १५ मई को बच्चे के लापता होने के बाद उन्होंने दयालपुर थाने में शहाना और दिलशाद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।

## स्थायी समिति के सदस्यों की नियुक्ति पर सवाल

**ठाणे:** मनपा में पिछले सप्ताह हुई स्थायी समिति के सदस्यों की नियुक्ति को लेकर मामला गरमा गया है। राकांपा के राष्ट्रीय महासचिव विधायक जितेंद्र आव्हाड ने आरोप लगाया है की मनपा में सत्ताधारी शिवसेना और प्रशासन मिलीभगत कर वैधानिक मूल्यों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। नियम-कानून को ताक पर रख साल २०१२ से मनमानी करते आ रहे हैं। सोमवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में आव्हाड ने आरोप लगाया कि कोकण आयुक्त प्रभाकर देशमुख ने संख्याबल के आधा पर सदस्यों की नियुक्ति का पत्र ठाणे मनपा प्रशासन को दिया था। लेकिन, मनपा सचिव सत्ताधारी पक्ष के हाथ की कठपुतली बन गए और पीठासीन अधिकारी के रूप में उपमहापौर ने नियम को ताक पर रख दूसरे ही सदस्य की नियुक्ति की।

## मतगणना में लापरवाही की, तो होगी कार्रवाई

**भिवंडी:** ठाणे जिलाधिकारी तथा जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. राजेश नार्वेकर ने भिवंडी लोकसभा के निर्वाचन अधिकारी, सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं सभी छह विधानसभा के क्षेत्रीय निर्वाचन अधिकारियों की एक विशेष बैठक ली। मतगणना के लिए उनका मार्गदर्शन करते हुए उन्होंने कहा कि मतगणना के दौरान लापरवाही पाए जाने पर चुनाव आयोग कार्रवाई करेगा। बता दें कि भिवंडी लोकसभा चुनाव की मतगणना २३ मई को येलकुंदे गांव स्थित प्रेसीडेंसी हाई स्कूल के सभागृह में की जाएगी।

## बंगले में था हुक्का बार

**वसई:** वालीव पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर चिंचोटी इलाके में एक बंगले पर छापामार कर ३ लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि बंगले में चोरी छिपे हुक्का बार चलाया जा रहा था। पुलिस ने वहां से हजारों रुपये का माल जब्त किया है।

# गर्म पानी से जल गई महिला यात्री एयरलाइन ने मुआवजा देने से किया इनकार

**मुंबई :** स्पाइसजेट एयरलाइन की एक फ्लाइट में क्रू मेंबर की लापरवाही का मामला सामने आया है, जिसके चलते एक महिला यात्री के शरीर में जलने के निशान पड़ गए और उसे कोचीन एयरपोर्ट में इलाज के लिए रुकना पड़ा। दरअसल मुंबई से कोचीन जाने वाली फ्लाइट एसजी-१५३ में एक अटेंडेंट ने एक वरिष्ठ नागरिक को खौलता हुआ पानी सर्व किया, जिसे वह संभाल नहीं सके और गिलास का पानी बगल में बैठी महिला यात्री पर गिर गया। महिला काम के सिलसिले में यात्रा कर रही थी लेकिन इस घटना में उनकी जांघ में २० फीसदी तक बर्न इंजरी हो गई। इसके चलते महिला को कोचीन एयरपोर्ट में ही रुकना पड़ा। महिला ने एयरलाइन से मुआवजे की मांग की, जिसके लिए उन्हें




मना कर दिया गया।

मामला २८ मार्च का है, नविता सिंह (बदला हुआ नाम) सीट नंबर ३२एफ में बैठी थीं। उन्होंने बताया, 'एक बुजुर्ग शख्स उनके बगल वाली सीट में बैठे थे और एयर होस्टेज से गर्म पानी मंगवाया। अगर उन्होंने हल्का गर्म पानी सर्व किया होता तो यह हादसा नहीं होता।' उन्होंने बताया, 'मुझे बहुत दर्द हुआ और मैं उठकर केबिन क्रू के पास गई तो पीछे की तरफ गैलरी में थीं। उन्होंने मुझे बर्फ के टुकड़े दिए। मैंने अपना प्लाजो पैंट उठाया और गैलरी में ही खड़े होकर घाव पर बर्फ लगाई।'

**महिला का आरोप-फ्लाइट क्रू मेंबर ने मदद नहीं की**

नविता ने बताया, 'मैं बैठ नहीं पा रही थी क्योंकि खौलते पानी से मेरी स्किन दो जगह छिल गई थी और मांस दिख रहा था। हर एक मिनट के साथ दर्द बढ़ता जा रहा था। मैं उनसे गुजारिश की कि वह अनाउंसमेंट कराएं कि यात्रियों में क्या कोई डॉक्टर भी हमारे साथ सफर कर रहा है? लेकिन न ही उन्होंने अनाउंसमेंट कराया और न ही केबिन सुपरवाइजर इनचार्ज मुझे देखने आए।' उन्होंने बताया कि लैंडिंग के वक्त उन्होंने खुद ही अपना सूटकेस लेकर विमान से बाहर आना पड़ा। एयरलाइन के क्रू मेंबर ने कोई सहयोग नहीं दिया। जबकि एयरलाइन का कहना है कि फ्लाइट के क्रू मेंबर ने महिला यात्री को मदद ऑफर की थी।

**एयरलाइन ने भेजा माफीनामा, मुआवजा देने से किया इनकार**

महिला यात्री ने बताया, 'कोचीन एयरपोर्ट के अधिकारियों ने बैग चेक इन में मेरी मदद की और एयरपोर्ट पर डॉक्टर बुलाया गया। इसे ठीक होने में एक महीने लगेगा। मैंने एयरलाइन को मेल लिखा लेकिन उन्होंने सिर्फ माफीनामा भेज दिया और मुआवजा देने से भी इनकार कर दिया।' ग्राहक अधिकार मामलों को देखने वाले सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता पल्लव मोंगिया ने कहा, 'यह सर्विस में लापरवाही की बड़ी घटना है। अगर आप कंटेनर में इतना खौलता हुआ पानी दे रहे हैं जो कोई पकड़ भी नहीं पा रहा है तो इसमें गलती एयरलाइन की है न कि सहयात्री की।'

**स्पाइसजेट की सफाई**

स्पाइसजेट ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वरिष्ठ नागरिक को गर्म या गुनगुना पानी चाहिए था। यह सुश्चित करते हुए कि पानी छलके नहीं इसलिए सावधानी बरती गई और क्रू ने सिर्फ आधा गिलास ही गर्म पानी दिया था। नमिता ने इसे नकारते हुए कहा कि उनके घाव से पता लगता है कि गिलास आधा भरा था या आधे से ज्यादा।

# वृद्ध की हत्या कर १५ लाख की लूट

**वसई:** मुंबई के एमआर मार्ग पुलिस स्टेशन क्षेत्र की एक कंपनी में काम करने वाले ७२ वर्षीय वृद्ध की उसी कंपनी में कार चलाने वाले ने गलाघोंट कर हत्या कर दी। हत्या के बाद शव कार में रखकर मुंबई-अहमदाबाद हाइवे के नायगांव स्थित मालजीपाडा क्षेत्र में फेंक दिया और १५ लाख रुपये लेकर फरार हो गया। पुलिस के अनुसार, १३ मई की शाम वृद्ध का शव बरामद होने पर वालीव पुलिस ने एडीआर के तहत मामला दर्ज किया था। उधर, १४ मई को वृद्ध के रिश्तेदारों ने एमआर मार्ग पुलिस स्टेशन में उसकी लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई। वालीव और एमआर मार्ग पुलिस मामले की जांच कर रही थी। इस दौरान मुंबई पुलिस के वॉट्सऐप ग्रुप में वालीव पुलिस ने मृतक वृद्ध की फोटो शेयर की। इसके बाद इस




हत्याकांड से पर्दा उठ गया। फिलहाल, पुलिस आरोपी चालक की तलाश में जुटी है। मामले की जांच कर रहे सहायक पुलिस निरीक्षक सुधीर धायकर के अनुसार, १३ मई की शाम ७ बजे मालजीपाडा निवासी गणेश वसंत म्हात्रे ने बताया कि मालजीपाडा में किसी वृद्ध का शव पड़ा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

रिपोर्ट में वृद्ध की मौत की वजह हार्ट अटैक बताई गई। उधर, मुंबई पुलिस गुमशुदा वृद्ध की तलाश कर रही थी। इसी बीच, वालीव पुलिस ने मुंबई पुलिस के वॉट्सऐप ग्रुप में वृद्ध की फोटो शेयर की। पता चला कि मृतक का रघुराम श्रीनिवास ऐथल है, जो सेक्टर नंबर २२, कामोठे, नवी मुंबई का रहने वाला था। रघुराम मस्जिद बंदर की एक कंपनी में काम करते थे। वह मालिक के रुपये का लेन-देन देखते थे। इसी कंपनी में राहुल यादव ड्राइवर था। १३ मई की सुबह मालिक ने ऐथल को १५ लाख रुपये दिए और बोरीवली में एक पार्टी को देने के लिए भेजा। वह यादव को अपने साथ ले गए। रुपये देखकर यादव की नीयत खराब हो गई और उसने कंपनी के आस-पास ही ऐथल की गलाघोंट कर हत्या कर दी और शव मालजीपाडा में फेंक दिया।

# इस बार नहीं खुली एग्जिट पोल की पोल

**मुंबई :** लोकसभा चुनाव १९ मई को जैसे ही खत्म हुए, वैसे ही टेलिविजन स्क्रीन पर एग्जिट पोल के आंकड़े आना शुरू हो गए थे। कुछ ही देर में तमाम टीवी चैनल और सर्वे एजेंसियों ने एनडीए को जबर्दस्त बढ़त बताई थी। महाराष्ट्र की ४८ सीटों पर इन एजेंसियों ने भाजपा और शिवसेना वाली एनडीए को ३४ से लेकर ४५ तक सीटें दी थीं, जबकि कांग्रेस और राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी वाली यूपीए को ४ से लेकर १३ सीटें दी थीं। गुरुवार को जबकि काफी हद तक रुझान आ चुके हैं, हम पाते हैं कि इंडिया टुडे-एक्सिस और न्यूज १८-इंडिया आईपीएसओएस के एग्जिट पोल सबसे सटीक रहे। पिछले चुनावों को देखें तो एग्जिट पोल ने इतने करीबी अनुमान कम ही बताए थे।

इंडिया टुडे-एक्सिस ने एनडीए को ३८ से ४२ सीटें दी थीं, जबकि यूपीए को ६ से १० सीटें दी थीं। गुरुवार देर शाम तक आए रुझानों को देखें तो एनडीए ४१ सीटों पर बढ़त बनाए हुए है, जबकि यूपीए सिर्फ ६ सीटों पर आगे चल रही है। अन्य को १ सीट मिलती दिख रही है। अगर पार्टी वार देखें तो भाजपा २३ सीटों पर, जबकि शिवसेना १८ सीटों पर आगे चल रही है। मजे की बात यह भी है कि लोकसभा चुनाव २०१४ में भी भाजपा और शिवसेना को इतनी ही सीटें मिली थीं।

न्यूज १८-इंडिया आईपीएसओएस अपने एग्जिट पोल में एनडीए पर कुछ ज्यादा ही मेहरबान दिखी और उसने इसे ४२ से ४५ सीटें दी थीं। यूपीए को उसने ४ से ६ सीटें दी थीं, जो लगभग सही आकलन निकला। मजे की बात यह है कि एनडीटीवी टीवी पोल को छोड़कर किसी ने भी अन्य को कोई सीट नहीं दी थी। एनडीटीवी टीवी पोल ने एनडीए को ३५, यूपीए को १२, जबकि अन्य को एक सीट दी थी।

**हरपल टाईम्स व हरपल टीवी न्यूज**

क्राईम द मोस्ट वांटेड व क्राईम इंवेस्टिगेशन न्यूज देश के सभी जगहों पर हमारी खास न्यूज बतायी जा रही है अगर आपको, मोबाईल और लेपटॉप, पर देखनी हो तो www.harpaltvnews.com टाइप करके देखिये या crimeinvestigationharpaltv.com टाईप करके सभी खबरें देख सकते हैं, अगर आपको हमसे संपर्क करना है तो हमारा नंबर है ७४९८५३५२८६ अगर आपको खबर भेजना है तो ईमेल करें : Email-harpaltimes.press@gmail.com

कम से कम फीस में इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया की ट्रेनिंग दी जा रही है..
संपर्क करें : ७०२१४२५४४२

मालक, मुद्रक, प्रकाशक वसीम जे. खान ने शिरनाजी प्रिंट, एम.एल.कॅम्प, चेंबूर, मुंबई -४०००८९ से छपवाकर, प्लॉट नं. २५ डी/१. शिवाजी नगर, गोवंडी, मुंबई - ४०००४३ से प्रकाशित किया। संपादक: वसीम जे. खान. RNI NO:- MAHHIN/2011/24374 .
Email--harpaltimes.press@gmail.com 074985 35286 (सभी विवाद निपटारे के लिए न्यायक्षेत्र मुंबई, महाराष्ट्र होगा।)